(2.3) (37)

प्रारुप–6

<u>प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप</u>

**परियोजना का नाम :–** **जनपद चम्पावत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत रीठा से कूँण मोटर मार्ग का निर्माण।**

आज दिनाँक 18-3-2017 को पी0एम0जी0एस0वाई, सिंचाई खण्ड लोहाघाट (एजेन्सी का नाम) के द्वारा रीठा से कूँण मोटर मार्ग बनाये जाने वाले मार्ग/प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री मनोहर चन्द्र पाण्डे, वनदरोगा राजस्व विभाग की ओर से श्री मोहित मेहता, उपराजस्व निरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री मनोज ओली, कनिष्ठ अभियन्ता, अन्य दावेदारों की ओर से ग्राम प्रधान कूँण एवं भुम्वाड़ी, आदि के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 0.595 हे0 वनपंचायत एवं 4.795 हे0 सिविल भूमि तथा इस मार्ग में 5.850 हे0 नापभूमि तथा मलुवा निस्तारण हेतु 0.150 हे0 वनपंचायत, 1.400 हे0 सिविल भूमि, 2.000 हे0 नाप भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 6.940 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थलों पर विभिन्न प्रजाति के वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं जिनकी सूची प्रस्ताव में संलग्न है।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 1.000 हे0 वनपंचायत, 6.500 हे0 सिविल भूमि एवं 6.750 हे0 नापभूमि प्रभावित हो रही है। जिनमें से कुल 7.750 हे0 मोटर मार्ग हेतु एवं 3.000 हे0 मलुवा निस्तरण हेतु कुल 10.750 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर वृक्षों की संख्या अधिक आ रही है।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा है/नही है । नहीं है।
चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन होगा / नही होगा । नहीं होगा।
इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण ग्रामवासियों की नाप भूमि एवं सिविल भूमि में किया जायेगा। प्रस्तावित मोटर मार्ग का प्रारम्भिक बिन्दु का GPS मान $79^0$ 56′ 17.332″ E $29^0$ 22′ 33.911″ N, एवं अन्तिम बिन्दु का जी0पी0एस0 मान $79^0$ 54′ 7.053″ E $29^0$ 21′ 40.624″ N, है
**अन्य आवश्यक विवरण** :– उपरोक्तानुसार इस मार्ग में पड़ने वाले 6.940 हे0 वनभूमि प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित है। उपरोक्त मोटर मार्ग के वनभूमि प्राप्त होने के पश्चात इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। यह मार्ग सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है।
नोट– इस रिपोट पर भूवैज्ञानिक की राय भी प्रस्ताव बनाने से पूर्व में ही प्राप्त कर ली जाये।

| **हस्ताक्षर** | **हस्ताक्षर** | **हस्ताक्षर** |
|---|---|---|
| (प्रयोक्ता एजेन्सी) प्रतिनिधि | (वन विभाग) प्रतिनिधि | (राजस्व विभाग) प्रतिनिधि |
| सहायक अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड, लोहाघाट | वन क्षेत्राधिकारी भिंगराड़ा | राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र ... तहसील पाटी |
| अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई सिंचाई खण्ड लोहाघाट (चम्पावत) | वन क्षेत्राधिकारी देवीधूरा वन क्षेत्र चम्पावत वन प्रभाग | उपजिलाधिकारी पाटी जनपद चम्पावत |
| | तहसीलदार पाटी जनपद–चम्पावत | जिलाधिकारी चम्पावत |
| | प्रभागीय वनाधिकारी चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत | |